भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 109
दिनांक 21.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

जल जीवन मिशन की समीक्षा

109 # श्री रामजी लाल सुमनः

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या यह सच है कि जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की जा रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या कुछ साल पहले हटाए गए जल जीवन निविदा नियमों में बदलाव के कारण इस मिशन में अतिरिक्त लागत आई है;
(घ) राज्यों में इस मिशन के अंतर्गत समीक्षा हेतु लक्षित जिलों की संख्या कितनी है; और
(ड) क्या यह भी सच है कि जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत गांवों में लगाए गए कनेक्शनों के माध्यम से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (ड): अगस्त 2019 से, भारत सरकार राज्यों की भागीदारी से देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल जल कनेक्शन के माध्यम से नियमित और दीर्घकालिक आधार पर निर्धारित गुणवत्ता की पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन (जेजेएम)-हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है।

मिशन की शुरुआत में केवल 3.23 करोड़ (16.7%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। अब तक, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए गए अनुसार, 16.07.2025 तक, जल जीवन मिशन (जेजेएम) - हर घर जल के तहत लगभग 12.43 करोड़

और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 16.07.2025 तक, देश के 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 15.67 करोड़ (80.93%) से अधिक परिवारों के पास नल जल आपूर्ति होने की सूचना है।

मिशन के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, भारत सरकार संबंधित राज्य सरकारों के साथ कार्यान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा करती रही है। इसके अलावा, समीक्षा बैठकें, सम्मेलन, कार्यशालाएं, वीडियो कॉन्फ्रेंस आदि भी उच्चतम स्तर पर आयोजित की जाती हैं, जिसमें राज्यों को समयबद्ध तरीके से लक्ष्य प्राप्त करने के लिए योजना बनाने और कार्यान्वयन में तेजी लाने की सलाह दी जाती है। इसके अतिरिक्त, मिशन के शीघ्र कार्यान्वयन हेतु राज्यों के पथ-प्रदर्शन के लिए एनजेजेएम दल द्वारा फील्ड दौरे भी किए जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल कनेक्शन की जिला और ग्राम-वार स्थिति पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है और जेजेएम डैशबोर्ड के निम्न लिंक पर देखी जा सकती है:

https://ejalshakti.gov.in/jjmreport/JJMIndia.aspx

कोविड-19 महामारी और रूस यूक्रेन संकट के कारण कच्चे माल की बढ़ी हुई अतिरिक्त लागत को पूरा करने के लिए केंद्रीय सहायता की मांग करने वाले विभिन्न राज्यों के अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, मिशन अवधि के दौरान कार्यान्वयन की गति को बनाए रखने के लिए 21.06.2022 से मिशन के कार्यसंबंधी दिशानिर्देशों में अपेक्षित संशोधन किए गए थे।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मानक सांख्यिकीय नमूने के आधार पर, एक स्वतंत्र तृतीय-पक्ष एजेंसी के माध्यम से, मिशन के तहत प्रदान किए गए पारिवारिक नल जल कनेक्शनों की कार्यशीलता का वार्षिक मूल्यांकन कराता है। कार्यशीलता मूल्यांकन 2022 के दौरान, महाराष्ट्र में यह पाया गया कि 86% परिवारों (एचएच) के पास कार्यशील नल कनेक्शन थे। इनमें से 85% को पर्याप्त मात्रा में जल प्राप्त हो रहा था, 80% को उनकी पाइपगत जल आपूर्ति स्कीम की जलापूर्ति अनुसूची के अनुसार नियमित रूप से जल प्राप्त हो रहा था और 87% परिवारों को निर्धारित जल गुणवत्ता मानकों के अनुसार जल प्राप्त हो रहा था। कार्यशीलता मूल्यांकन 2022 की एक प्रति पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है और इसे https://jaljeevanmission.gov.in/functionality-reports पर देखा जा सकता है। 2024 के लिए कार्यशीलता मूल्यांकन चल रहा है।

*****